Email ID: eecd12fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 1203/ M-7 /74 दिनांक : 18-06-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– "3.17 करोड की योजना अधर में, प्यासे 20 हजार" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के ई–संस्करण में प्रकाशित शीर्षक **"3.17 करोड की सूचना अधर में, प्यासे 20 हजार"** की कतरन इस खण्ड में प्राप्त हुई है। विषयांकित सन्दर्भ में अवगत कराना है कि जनपद में मुत्तौर पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म म0 पावरमेक–भूरथनम (जे0वी0) जनपद यूनिट–फतेहपुर है। वर्तमान में योजना पर पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल पूर्ण, ओ0एच0टी0 5%, वितरण प्रणाली 75% व गृह संयोजन 40% पूर्ण किया जा चुका है। शासन द्वारा योजना पर धनावन्टन न किये जाने के कारण कार्य की प्रगति बाधित है। धनावन्टन के उपरान्त योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराकर सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

# 3.17 करोड़ की योजना अधर में,प्यासे बीस हजार

Jun 17, 2026 10:50 pm IST

Newswrap हिन्दुस्तान, फतेहपुर

Preferred

> मुत्तौर गांव में जलजीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल परियोजना का काम अधर में है, जिसके कारण बीस हजार लोगों को गर्मी में पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। दो साल पूर्व 3.17 करोड़ की लागत से योजना शुरू हुई थी, लेकिन पानी की टंकी का निर्माण न होने से ग्रामीण परेशान हैं।

Story continues below advertisement